# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,जिला न्यायालय बैतलू (म.प्र.)

दूरभाष–07141–299224
Email-secdlsabtl@mp.gov.in

क्र. 174 / LADCS / जिविसेप्रा / 2025
बैतूल दिनांक 09 / 04 / 2025

प्रति,

सहायक संचालक
जनसम्पर्क विभाग, जिला बैतूल म.प्र.

विषयः– प्रेस नोट प्रकाशन के संबंध में।

## प्रेस नोट

**बैतूल में कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसल के लिये कार्यालय सहायक, रिसेप्शनिस्ट के पद हेतु टायपिंग टेस्ट व साक्षात्कार 26 अप्रैल 2025 को एवं भृत्य के पद हेतु साक्षात्कार 25 अप्रैल 2025 को होगा।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित लीगल एड डिफेंस काउंसल योजना 2022 अंतर्गत लीगल एड डिफेंस काउंसल के कार्यालय के लिये कार्यालय सहायक के कुल 03 पद तथा रिसेप्शनिस्ट/डाटा एंट्री आपरेटर के कुल 01 पद तथा कार्यालय भृत्य के कुल 01 पद के लिये टायपिंग टेस्ट व साक्षात्कार की तिथि मान. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा निर्धारित की गई है। **भृत्य के पद हेतु साक्षात्कार– 25 अप्रैल 2025 को समय प्रातः 09:00 ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय परिसर बैतूल में प्रारंभ होगा किन्तु मूल दस्तावेजों के सत्यापन के लिये प्रातः 08:00 बजे ही उपस्थित होना होगा।**

**इसी प्रकार कार्यालय सहायक तथा रिसेप्शनिस्ट/डाटा एंट्री आपरेटर के पद हेतु मूल दस्तावेजों के सत्यापन के लिये 26 अप्रैल 2025 को ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय परिसर बैतूल में प्रातः 08:00 बजे ही उपस्थित होना होगा। अर्ह अभ्यर्थियों की सूची के कम अनुसार प्रातः 09:00 से टायपिंग टेस्ट होगा एवं इसके तुरंत पश्चात् साक्षात्कार लिया जावेगा।**

समस्त **अर्ह अभ्यर्थियों की सूची कार्यालय एवं जिला न्यायालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है।** टायपिंग टेस्ट व साक्षात्कार दिनांक, समय एवं स्थान के बारे में सूचना **अभ्यर्थियों को** उनके मोबाईल नम्बर पर टेक्स्ट मैसेज भेजकर एवं उन्हें व्यक्तिगत रूप से कॉल करके सूचित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त समस्त समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन भी कराई जा रही है। अभ्यर्थियों को नियत निर्धारित दिनांक को नियत समय से 10 मिनट पूर्व उपस्थित होना होगा। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय में संपक कर सकते है।

9.4.25

सचिव/न्यायाधीश
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
बैतल म.प्र

Scanned with OKEN Scanner